दिल ले लिया है मेरा वो नंद के दुलारे

दिल ले लिया है मेरा वो नंद के दुलारे ।
पनिया भरन गई मैं जमुना नदी किनारे ॥

सर पर मुकुट जड़ा था,
कानो कुंडल पड़ा था,
पनघट निकट खड़ा था,
कर प्रेम के इशारे ।
दिल ले लिया है मेरा वो नंद के दुलारे ॥

गल विच फूल माला,
लोचन परम रसाला,
कटी मेखला विशाला,
तन पीत वसन धारी ।
दिल ले लिया है मेरा वो नंद के दुलारे ॥

बंसी अधर लगाई,
मधुरी धुनी सुनाई,
तन की खबर भुलाई,
घर काज सब विसारे ।
दिल ले लिया है मेरा वो नंद के दुलारे ॥

स्वर :- परम पूज्या संत करुणामयी गुरु माँ

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1518/title/dil-le-liya-hai-mera-o-nand-ke-dulare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |